# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी ।

## प्रेस नोट

**दिनांक-27.08.2025**

**विषयः- 01 अदद अवैध तमंचा के साथ अभियुक्त हरिओम सिंह थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार ।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हरिओम सिंह पुत्र उदयभान सिंह निवासी ग्राम पसराहे थाना-नेवरिया जनपद जौनपुर को आज दिनांक 27.08.2025 को समय 01.45 बजे बनारस जंक्शन वाराणसी के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 0.315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना मण्डुवाडीह में मु0अ0सं0 244/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

हरिओम सिंह पुत्र उदयभान सिंह निवासी ग्राम पसराहे थाना-नेवरिया जनपद जौनपुर, उम्र करीब 30 वर्ष।

**गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान-**

बनारस जंक्शन वाराणसी के पास से, दिनांक 27.08.2025 को समय 01.45 बजे।

**बरामदगी का विवरण-**

01 अदद अवैध तमंचा 0.315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 0.315 बोर।

**आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 69/2016 धारा 392/411 आईपीसी थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर।
2. मु0अ0सं0 96/2016 धारा 394/411 आईपीसी थाना मछली शहर जनपद जौनपुर।
3. मु0अ0सं0 141/2016 धारा 379/411 आईपीसी थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर।
4. मु0अ0सं0 148/2016 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर।
5. मु0अ0सं0 244/2025 धारा धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

1. प्र0नि0 श्री विद्याशंकर शुक्ला थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री राज दर्पण तिवारी थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री विवेक यादव थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अंगद थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 रामकुमार थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।




**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरूणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**